**विधान परिषद् के तृतीय सत्र, 2024 के 1-मंगलवार के लिए निर्धारित डॉ. मान सिंह यादव, मा.सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11(क) क्या आबकारी मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त विभाग का बजट कितना है, और अब तक कितना व्यय हो चुका है ? | जी हाँ।<br>वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या- 01 आबकारी विभाग का कुल बजट प्राविधान धनराशि रु0 54705.11 लाख है। उक्त प्राविधानित बजट के सापेक्ष 30 नवम्बर 2024 तक धनराशि रु0 22505.21 लाख व्यय किया गया है। |
| (ख) उक्त व्यय बजट को किन-किन मदों मे कहाँ-कहाँ व्यय किया गया है ? | आबकारी विभाग के आय-व्ययक-2024-2025 में लेखा शीर्षक 2039-राज्य उत्पाद शुल्क आयोजनेत्तर 001-निदेशन और प्रशासन, 03- अधीक्षण मद में धनराशि रूपये 3207.31 लाख, 04-जिला कार्यकारी अधिष्ठान मद में धनराशि रूपये 29.85 लाख, 05- भट्ठियां मद में धनराशि रूपये 19137.80 लाख, 06- कम्प्युटरीकरण एवं आनलाइन एक्साइज मैनेजमेन्ट सिस्टम की स्थापना मद में धनराशि रूपये 45.10लाख,2059-लोक निर्माण कार्य, 01-कार्यालय भवन, 051-निर्माण, 03-अनावसीय भवन की मरम्मत व रख-रखाव मद में धनराशि रूपये 20.35 लाख, 2216-आवास, 01-सरकारी रिहायसी भवन,700-अन्य आवास,03-आबकारी विभाग के आवासीय भवन की मरम्मत व रख-रखाव मद में धनराशि रूपये 0.67 लाख, एवं पूंजी लेखा में लेखा शीर्षक 4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, 01-कार्यालय भवन,51- निर्माण, 03- आबकारी विभाग के कार्यालय एवं गोदामों के निर्माण हेतु एक मुश्त व्यवस्था मद में धनराशि रूपये 44.98 लाख, 4047-अन्य राजकोषीय सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय 800-अन्य व्यय 03- राज्य उत्पाद शुल्क-अधीक्षण मद में धनराशि रूपये 19.15 लाख का व्यय किया गया है। इस प्रकार उक्त प्राविधानित बजट रूपये 54705.11 लाख के सापेक्ष 30 नवम्बर, 2024 तक कुल धनराशि रूपये 22505.21 लाख का व्यय किया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

**नितिन अग्रवाल**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
आबकारी विभाग।